# कार्यालय, उप वन संरक्षक, टौंस वन प्रभाग, पुरोला (उत्तरकाशी)

E-mail-dfo-tons@yahoo.in.Phone/Fax-01373-223328


पत्रांक 2269 /12–1 दिनांक, पुरोला, 22-04 – 2016

सेवामें,

वन संरक्षक,
यमुना वृत्त उत्तराखण्ड,
देहरादून।

**विषय :– प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मैन्दरथ भकंवाड मोटर मार्ग के कि0मी0–3.00 से बेगल मोटर मार्ग लम्बाई 6.0 कि0मी0 में निर्माण हेतु 4.650 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

**संदर्भ :– आपका पत्रांक 91.10. / 12–1(1) दिनांक 1.03.2016 एवं एफ0पी0 / यू0एल0 / रोड़ / 16129 / 2015।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड, पुरोला, उत्तरकाशी द्वारा अपने पत्रांक सं0–2351 / पी0एम0जी0एस0वाई / सि0ख0 दिनांक 13.04.2016 द्वारा उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा लगाई गई आपत्तियों का निराकरण संलग्न पत्र द्वारा कर लिया गया है।

1. सिविल लैण्ड अनुसूची के अनुसार विवरण प्रपत्र में भर दिया गया है तथा जिसे राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित करवा दिया गया है। प्रपत्र संलग्न है।
2. क्षतिपूरक वृक्षारोपण से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित कर दिया गया है। प्रपत्र संलग्न है।
3. मक डिस्पोजल भूमि हेतु पूर्व में ग्रामीण अपनी नाप भूमि देने के लिये सहमत नहीं थे, जिस कारण मक डिस्पोजल के लिये 3.310 है0 सिविल सोयम भूमि का उपयोग किया गया था परन्तु वर्तमान समय में ग्राम पंचायत बेगल की आम बैठक ग्राम पंचायत प्रधान बेगल की अध्यक्षता में आहूत की गई, जिसमें मक डिस्पोजल हेतु नाप भूमि चयनित की गई व मक डिस्पोजल के लिये ग्रामीणों द्वारा अपनी नाप भूमि देने की पूर्ण सहमति प्रदान की गई है। मक डिस्पोजल प्लान एवं ग्राम पंचायत बैठक के निर्णय पत्र **(मूल प्रति)** संलग्न है।

अतः वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव से सम्बन्धित प्रपत्रों को एफ0पी0 / यू0एल0 / रोड़ / 16129 प्रस्ताव के फार्म–ए में पुनः अपलोड कर दिया गया है। प्रस्ताव पर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

उप वन संरक्षक
टौंस वन प्रभाग, पुरोला

**प्रतिलिपि :–** अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 / सिंचाई खण्ड, पुरोला को उनके उपरोक्त पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

उप वन संरक्षक
टौंस वन प्रभाग, पुरोला

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0, पुरोला (उत्तरकाशी)

*Office of the Executive Engineer PMGSY, I.D. Purola (Uttarkashi)*

E-Mail : eepmgsypurola@rediffmail.com Tel.No. : 01373-223730


पत्रांक– 255 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / सि0ख0 / दिनांक 13/04/2016

सेवामें,

उप वन संरक्षक
टौन्स वन प्रभाग, पुरोला
(उत्तरकाशी)।

विषयः– प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मैन्द्रथ–भंकवाड़ मोटर मार्ग के किमी0 3.00 से बेगल मोटर मार्ग (लम्बाई 6.00 किमी0) में निर्माण हेतु 4.950है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

सन्दर्भः– FP/UL/ROAD/16129/2015, वन संरक्षक, यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक 040/12–1(1) दिनांक 01.03.2016

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें, जिसमें आपके द्वारा उक्त मोटर मार्ग के वनभूमि प्रस्ताव में आपत्तियां लगायी गई है। अतः आपत्तियों का निराकरण कर आख्या बिन्दुवार निम्नलिखित है–

1. सिविल लैण्ड अनूसूची के अनुसार विवरण प्रपत्र में भर दिया गया है तथा जिसे राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित कर दिया गया है, प्रपत्र संलग्न है।
2. क्षतिपूरक वृक्षारोपण से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित कर दिया गया है, प्रपत्र संलग्न है।
3. मक डिस्पोजल भूमि हेतु पूर्व में ग्रामीण अपनी नाप भूमि देने के लिए सहमत नही थे, जिसके कारण मक डिस्पोजल के लिए 3.310 है0 सिविल सोयम भूमि का उपयोग किया गया था, परन्तु वर्तमान समय में ग्राम पंचायत बेगल की आम बैठक ग्राम पंचायत प्रधान बेगल की अध्यक्षता में आहुत की गयी। जिसमें मक डिस्पोजल हेतु नाप भूमि चयनित की गयी व मक डिस्पोजल के लिए ग्रामीणों द्वारा अपनी नाप भूमि देने की पूर्ण सहमति प्रदान की गयी है मक डिस्पोजल प्लान एंव ग्राम पंचायत बैठक का निर्णय प्रत्र संलग्न है।

अतः आपसे अनुरोध है कि वनभूमि प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु अपने स्तर से अग्रिम कार्यवाही करने की कृपा करें। एवं online सम्बन्धित / उपरोक्त प्रपत्र मोटर मार्ग (FP/UL/ROAD/16129) के uploaded प्रस्ताव में FORM-A में पुनः upload कर दिया गया है,

13/4

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0,सिं0ख0
पुरोला (उत्तरकाशी)

# कार्यालय वन संरक्षक यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून ।

पत्रांक: 2110 / 12—1(1)    दिनांक, देहरादून, 01, ~~फरवरी,~~ मार्च 2016

कार्यालय प्र.मं.ग्रा.स.यो., सिंचाई खण्ड
दैनिक पत्र सं. 65
पत्रावली सं. J.E.(T)
दिनांक 18.4.16
पुरोला (उत्तरकाशी)

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
टौन्स वन प्रभाग, पुरोला ।

विषयः जनपद देहरादून में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मैन्द्रथ—भंकवाड़ मोटर मार्ग के किमी 3.00 से बैगल मोटर मार्ग (लम्बाई 6.00 कि0मी0) के निर्माण हेतु 4.950 हे0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव ।

संदर्भः **FP/UK/ ROAD /16129 / 2015** आपका पत्रांक 1856 / 12—1 दिनांक 22 जनवरी, 2016 तथा इस कार्यालय का पत्रांक 1392 / 12—1 (1) दिनांक 27—11—2015

महोदय,

इस कार्यालय के उक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें। आपको निर्देश दिये गये थे प्रस्ताव नोडल अधिकारी तथा भारत सरकार के द्वारा जारी चैक लिस्ट के अनुसार ही प्रस्ताव ऑन लाईन प्रेषित करें। आपके स्तर से प्राप्त ऑन लाईन प्रस्ताव का परीक्षण करने पर निम्न कमियां पायी गई हैः—

1— प्रस्तावित मार्ग के निर्माण में 4.950 है0 सिविल भूमि वांछित है जिसके संबंध में राजस्व विभाग के समक्ष अधिकारी के द्वारा सिविल लैण्ड अनुसूची में तथाकथित भूमि की विधिक स्थिति, स्थल का नाम, खसरा संख्या में कुल क्षेत्रफल में से अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का विवरण दिया जाना है।

2— क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु दुगने क्षेत्र को राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारियों द्वारा वन विभाग के पक्ष में नामान्तरित भूमि आंवटित की जानी है। इस संबंध में क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित भूमि का नाम अंकित करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र दिया जाय।

3—मक डिस्पोजल हेतु पृष्ठ संख्या 90 ऐनेक्जर —11 लगाया गया है जिसमें सिविल मक डिस्पोजल हेतु 3.310 है0 वांछित होने का विवरण दिया गया है,किन्तु प्रस्तावक विभाग के द्वारा मक डिस्पोजल हेतु सिविल वन भूमि का आवेदन नहीं किया गया है, के संबंध में मक डम्पिंग की स्थिति स्पष्ट की जाय। आप निर्धारित चैक लिस्ट के अनुसार प्रस्ताव का परीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें। विदित हों कि भारत सरकार के स्तर से वन भूमि पर गैर वानिकी प्रत्यावर्तन हेतु जिसमें वृक्षों का भारी संख्या में पातन निहित है, के प्रकरणों में बहुत ही गहनता से परीक्षण कर रही है। यदि प्रस्ताव अस्पष्ट है तो इस प्रस्ताव को विदड्राल करते हुए पुनः सुस्पष्ट प्रस्ताव गठित किया जाय ताकि अनावश्यक विलम्ब व पत्राचार से बचा जा सके तथा प्रस्ताव उच्च स्तर को सही—सही प्रेषित किया जा सके। आप अपने स्तर से प्रस्ताव का भली प्रकार परीक्षण उपरान्त ही इस कार्यालय ऑन लाईन प्रेषित करें।

आपके स्तर से प्राप्त प्रस्ताव ऑन लाईन वापिस लौटाया जाता है।

प्राप्ति दिनांक 09/3/2016

भवदीय,

(आर0के0मिश्र )
मुख्य वन संरक्षक,
यमुना वृत,उत्तराखण्ड,देहरादून ।

संख्या 2110 (1) / 12-1(1) उक्त दिनांकित ।

प्रतिलिपि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पुरोला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

(आर0के0मिश्र )
मुख्य वन संरक्षक,
यमुना वृत,उत्तराखण्ड,देहरादून ।

On line 1-3-016

कार्य का नाम :— प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मैन्द्रथ—भंकवाड़ मोटर मार्ग के किमी0 3.00 से बेगल मोटर मार्ग (लम्बाई 6.00) का निर्माण कार्य।

## अनुसूचि शेडयूल सिविल भूमि

### ग्राम बेगल

| क्र0 सं0 | जिला | परगना | खत | तहसील | ग्राम | खाता संख्या | भूमि का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | खसरा नं0 | कुल क्षेत्रफल | अर्जित क्षेत्रफल |
| 1 | उत्तरकाशी | बंगाण | पिंगल पट्टी | मोरी | बेगल | 29 | 1 | 4.814 | 2.814 |
| 2. | " | " | " | " | " | | 5 | 8.024 | 2.024 |
| 3. | " | " | " | " | " | | 1339 | 0.031 | 0.011 |
| 4. | " | " | " | " | " | | 1392 | 0.251 | 0.101 |
| | | | | | | | | कुल = | 4.950 |

कनिष्ठ अभियन्ता
पी0एम0जी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0
पुरोला

सहायक अभियन्ता
पी0एम0जी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0
पुरोला

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एम0जी0एस0वाई, सिं0ख0
पुरोला

राजस्व उपनिरीक्षक

तहसीलदार
मोरी

21/3/016

उप जिलाधिकारी
पुरोला
जिला० उत्तरकाशी

कार्य का नाम :— प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मैन्द्रथ—भंकवाड़ मोटर मार्ग के किमी0 3.00 से बेगल मोटर मार्ग (लम्बाई 6.00) का निर्माण कार्य।

## क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल उपयुक्तता प्रमाण —पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चिन्हित क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल उपयुक्तता हेतु संयुक्त निरीक्षण के समय पाया गया कि उपरोक्त प्रयोजन हेतु क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल जनपद उत्तरकाशी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मैन्द्रथ—भंकवाड़ मोटर मार्ग के किमी0 3.00 से बेगल मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु सिविल सोयम भूमि 4.95 है0 है हस्तान्तरण मामले में दुगने क्षेत्रफल 9.90 है0 है। अनुवरत सिविल एवं सोयम भूमि मौजा, बेगल 9.90 है0 ग्राम क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त है।

| क्र0 सं0 | जिला | परगना | खत | तहसील | मौजा | खाता संख्या | भूमि का विवरण | | | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | खसरा नं0 | कुल रकबा है0 | अर्जित रकबा है0 | |
| 1 | उत्तरकाशी | बंगाण | पिंगल पट्टी | मोरी | बेगल | 29 | ~~679~~ ~~622~~ | ~~0.196~~ | | |
| 2. | " | " | " | " | " | 29 | 682 | 2.608 | | 2.608 है |
| 3. | " | " | " | " | " | 29 | | | | |
| | | | | | | | 622 | 6.018 | | 6.018 है |

681 - 8.024 - 1.274 है

कुल 9.90 है

(राजस्व ~~उपनिरीक्षक~~) [signature]

# ANNEXURE-II

## DETAILS OF MUCK DISPOSAL YARDS WITH LAND OWNER DETAIL

| S. NO | CHAINGE | NAME OF LAND OWNER & VILLAGE | LAND IN HEC. | LAND IN SQM. | LAND AREA BEING USED FOR DUMPING YARD | LONGITUDE | LATITUDE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3/30 TO 3/36 | NAP LAND (BEGAL) | 0.750 | 7500.00 | 7500.00 | 077*52.234"E | 30*57.518 |
| 2 | 5/26 TO 5/29 | NAP LAND (BEGAL) | 0.570 | 5700.00 | 5700.00 | 077*52.401"E | 30*57.418 |
| 3 | 5/30 TO 5/33 | NAP LAND (BEGAL) | 0.607 | 6075.00 | 6075.00 | 077*52.414"E | 30*57.446 |
| | | TOTAL | 1.927 | 19275.00 | 19275.00 | | |

प्रधान
ग्राम पंचायत कुकरेडा
वि० ख० मोरी उत्तरकाशी

Junior Engineer
Const. Div P.M.G.S.Y.ID Purola

Assistant Engineer
Const. Div. P.M.G.S.Y.ID Purola

Executive Engineer
Const. Div. P.M.G.S.Y.ID Purola

# प्रधान ग्राम पंचायत बेगल, वि0ख0 मोरी, उत्तरकाशी

प्रधान :-
श्रीमती सन्ती देवी
मो0 09805500645, 07579028983

निवास स्थान व कार्यालय:-
ग्राम बेगल, पो0ओ0 ठडियार
तह0 मोरी, जिला उत्तरकाशी

पत्रांक............ दिनांक............

आज दिनांक 18-3-2016 को ग्राम पंचायत बेगल की एक आम बैठक आहुत की गई जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान श्रीमती सन्ती देवी द्वारा की गई जिसमे निम्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया एव निम्न प्रस्ताव पारित किये गये।

प्रस्ताव स0 1- सर्व प्रथम पूर्व बैठक की समीक्षा की गई

प्रस्ताव स. 2- प्रधानमन्त्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत बेगल मोटर मार्ग डपिंग हेतु जो भूमि चयनित की गई है वह नाप भूमि है। और चयनित भूमि में हम ग्रामीणों का कोई एतराज नही है। और यह सहमति प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित किया जाता है।

सन्ती

प्रधान
ग्राम पंचायत बेगल
विकास मोरी, उत्तरकाशी

समस्त ग्रामवासी बेगल

चन्द्र दास

Pawar

Panwar

साधुसिंह

रामचन्द्र

रूपदास

19-2-2016

मातवर

जोगेन्द्रसिंह

दिवान सिंह

फतेसिंह

Panwar

ईश्वराम